12.05.2023

PUNJAB KESARI

जांबाज जवानों को किया गया सम्मानित



कार्यक्रम के दौरान पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सरदार बल्लभ भाई पटेल का स्मृति चिह्न देकर स्पेशल सीपी संजय सिंह को सम्मानित करते हुए।

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : राजधानी दिल्ली के 15 जनपथ रोड स्थित अंबेडकर भवन में गुरुवार को समाजिक संस्था "एक ही रास्ता" ने एक कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न जगहों पर सेवा के दौरान जान पर बाजी लगाकर उतकृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को सम्मानित किया है।

देश के विभिन्न जगहों से चयनित किए गए 18 जवानों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एवं दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी संजय सिंह सहित अन्य कई पदाअधिकारी व सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे। संस्था ने दिल्ली के मायापुरी थाना क्षेत्र में एक बदमाश को कपड़ने के दौरान शहीद हुए एएसआई शंभू दयाल के परिजन को सरदार बल्लभ भाई पटेल की स्मृति चिह्न व कृतज्ञ पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कुल 18 जवान सम्मानित किए गए हैं। साथ ही सभी जवानों को करीब डेढ़-डेढ़ लाख रुपए की आर्थिक सहायता की गई है। सम्मानित हुए जवानों में आईपीएस सीआरपीएफ, एनडीआरपी और आरपीएफ सहित अन्य कई क्षेत्रों के जवान शामिल थे।

12.05.2023

VEER ARJUN



दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी, परसेप्शन मैनेजमेंट एंड मीडिया सेल संजय सिंह डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में ''एक ही रास्ता'' ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम ''सिटीजंस ग्रेटीट्यूट टू गैलेंट वारियर 2023'' के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।